हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 13 अंक : 40 देहरादून, मंगलवार, 30 जुलाई, 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 8



आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर ने राहत शिविर में पीडितों का दर्द बांटा 3

# आदर्श चंपावत की परिकल्पना को जिले के प्रगतिशील युवा कास्तकार भी कर रहे हैं साकार : सीएम धामी

## प्रगतिशील उन्नत किसानों द्वारा सेब उत्पादन के क्षेत्र में लाया जा रहा है क्रांतिकारी परिवर्तन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



प्रदेश में सेब का सालाना टर्नओवर 200 करोड़ से बढ़ाकर 2000 करोड़ रुपए का रखा जाए लक्ष्य

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह ने कहा कि चंपावत में कोका-कोला इंडिया और इंडो डच हॉर्टिकल्चर टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड (आईडीएचटी) प्रोजेक्ट उन्नति एप्पल को सफल बनाने में महत्वपूर्ण साझेदारी निभा रहे हैं। गोरलचोड़ निकट ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड सदन नई दिल्ली से वर्चुवल रूप से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की "उन्नति एप्पल परियोजना" इस बात का शानदार उदाहरण है कि किस प्रकार सामूहिक प्रयासों से कृषि परिवर्तन को बढ़ावा मिल सकता है। इस पहल की सफलता हमारे किसानों की दृढ़ता और कड़ी मेहनत का परिणाम है। इस परियोजना से प्रदेश में सेब के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन आया है। इस परियोजना से चंपावत में सेब की खेती करने वाले किसानों में आए सकारात्मक बदलावों के प्रति प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ये काश्तकार चंपावत को आदर्श जनपद की परिकल्पना को साकार करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने चम्पावत में हाई डेंसिटी प्लांटेशन तकनीक से लगाए गए 100 सेब के बगानों से 20 माह में ही फलों का उत्पाद होना सेब की खेती के लिये शुभ संकेत बताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना ने किसानों को उन्नत रोपण सामग्री, अच्छे कृषि अभ्यासों (जीएपी) में प्रशिक्षण और आधुनिक बुनियादी ढांचे तक पहुंच प्रदान की है, जिसके परिणामस्वरूप सेब उत्पादन और किसानों की आय में पर्याप्त वृद्धि हुई है। जिससे किसानों की आर्थिकी मजबूत होने के साथ ही प्रगतिशील किसानों द्वारा अन्य को भी रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि और बागवानी राज्य की आजीविका, समृद्धि और विकास का प्रतीक है। सेब के उत्पादन को बढ़ाने के लिए कोका-कोला इंडिया और इंडो-डच हॉर्टिकल्चर टेक्नोलॉजीज की परियोजना उन्नति एप्पल जैसी आधुनिक कृषि-तकनीक पहल अत्यधिक उत्पादक और लाभदायक साबित हुई है। इससे हमारे किसानों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान को भी बढ़ावा मिला है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की जलवायु कीवी, अखरोट, नाशपाती, प्लम, खुमानी और पैशन फ्रूट की खेती के लिए अनुकूल है। इन फलों के उत्पादन के लिए चम्पावत क्षेत्र उपयुक्त माना जाता है। यहां के सेब अपनी गुणवत्ता, स्वाद व पोषण तत्वों के लिए देशभर में प्रसिद्ध हैं। राज्य सरकार प्रदेश में फलों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य में एप्पल मिशन के साथ अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने के प्रयास किये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एप्पल मिशन के अंतर्गत सेब बागान लगाने वाले किसानों को 80 प्रतिशत सब्सिडी दी जा रही है। सरकार ने प्रदेश में नई सेब नीति बनाई है इसमें आठ वर्ष में पांच हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सेब की अति सघन बागवानी का लक्ष्य रखा गया है। हमारा लक्ष्य है कि प्रदेश में सेब का सालाना टर्नओवर 200 करोड़ से बढ़ाकर 2000 करोड़ रुपए तक किया जाए। प्रदेश में उद्योगों के साथ ही बागवानी के विकास के लिए भी अनुकूल नीति बनाकर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के किसानों को सेब की खेती के प्रति अधिक से अधिक प्रेरित किया जाए ताकि सेब उत्पादन में उत्तराखण्ड को अग्रणी राज्य बनाया जा सके। राज्य में नई तकनीकी से सेब के उन्नत किस्म के पेड़ लगाने से हम जम्मू-कश्मीर व हिमाचल प्रदेश से भी अच्छी क्वालिटी का सेब उत्पादन कर सकते हैं। जम्मू-कश्मीर व हिमाचल प्रदेश के साथ-साथ उत्तराखण्ड की भी सेब उत्पादन में विशेष पहचान हो, इसके लिए गुणवत्ता व पैकिंग पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को आवश्यक संसाधन और तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है। किसानों को तीन लाख रुपए और महिला स्वयं सहायता समूहों को बिना ब्याज के पांच लाख रुपए तक का ऋृण दिया जा रहा है। परम्परागत कृषि विकास योजना के अंतर्गत जैविक खेती को प्रमोट करने के लिए किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है। फार्म मशीनरी बैंक योजना के तहत किसानों को 80 फीसदी तक सब्सिडी पर कृषि उपकरण उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। सतत् कृषि योजना के तहत कृषि में खाद्यान्न, मछली पालन, पशुपालन एवं डेयरी में बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक सेक्टर में अनुदान दिया जा रहा है। पशुधन बीमना योजना के तहत पशु बीमा से किसानों को पशुओं की आकस्मिक मृत्यु होने पर होने वाली हानि से बचाया जा रहा है। राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत राज्य में कलस्टर आधारित छोटे पॉलीहाउस लगाकर फूल, सब्जी आदि बागवानी फसलों को बढ़ावा दिया जा रहा है। हमारा लक्ष्य है कि आने वाले चार-पांच सालों में विभिन्न फलों की पैदावार को 20 गुना तक बढ़ाया जाए, इससे न केवल किसानों को रोजगार मिलेगा बल्कि प्रदेश में एक पूरी फ्रूट इंडस्ट्री भी विकसित होगी। उन्होंने कहा कि प्रोसेसिंग की इकाइयां भी भविष्य में लगाई जाएगी, ताकि यहां का उत्पादन बेहतर तरीके से बाजार में जा सके। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर किसानों और काश्तकारों से संवाद भी किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत ज्योति राय ने कहा कि सभी के अथक प्रयासों और मेहनत से जनपद में सेब उत्पादन के अच्छे परिणाम आ रहे, जिससे किसानों की आर्थिकी में भी बढ़ोत्तरी हुई है।

इंडो डच हॉर्टिकल्चर टेक्नोलॉजीज के निदेशक सुधीर चड्ढा ने कहा, "प्रोजेक्ट उन्नति एप्पल" इस बात का उदाहरण है कि कैसे निजी और सार्वजनिक संस्थाओं के बीच साझेदारी समाज में स्थायी और सकारात्मक बदलाव ला सकती है। उन्होंने बताया की 2018 में लॉन्च किया गया प्रोजेक्ट उन्नति एप्पल आनंदना, कोका-कोला इंडिया फाउंडेशन ने किसानों को उन्नत कृषि तकनीक प्रदान करके और उन्हें शिक्षित करके उनकी आजीविका को बढ़ाने के लिए अपने क्रियान्वयन भागीदार के रूप में इंडो डच हॉर्टिकल्चर टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के साथ भागीदारी की। के माध्यम से सेब की खेती और किसानों की आय बढाने में भी मदद मिली है।

निदेशक कोकाकोला राजीव गुप्ता ने कहा कि इस मिशन के अंतर्गत चंपावत में सेब के उत्पादन के बेहतर परिणाम आ रहे है। नई तकनीक एवं सभी के सहयोग से सेब का उत्पादन हम दो से तीन गुना और बढ़ा सकते है। जिससे किसानों के आय में भी वृद्धि होगी और किसान देश के विकास में अपनी भागीदारी कर सकेंगे।

कार्यक्रम में प्रदेश प्रवक्ता भाजपा सुरेश जोशी, भाजपा जिलाध्यक्ष जिलाध्यक्ष निर्मल महरा, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी, जिलाधिकारी नवनीत पांडे, ब्लॉक प्रमुख चंपावत रेखा देवी,विनीता फर्त्याल,सुमनलता, समेत प्रगतिशील किसान तथा अन्य मौजूद रहे।

# उत्तराखंड : पांच जिलों में भारी बारिश की चेतावनी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून 30 जुलाई : प्रदेश के कई जिलों में रुक-रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है, मौसम विभाग ने प्रदेश के पांच जिलों में भारी बारिश की संभावना बताई है और कई जिलों को अलर्ट मोड पर रहने को भी कहा गया है। भारी बारिश और गरज के साथ आकाशीय बिजली चमकने की भी संभावना है।पर्वतीय जिलों में वर्षा का क्रम जारी है जिससे जनता में भूस्खलन की घटनाओं ने परेशानी बढ़ा दी है वहीं मैदानों में तेज बारिश से जलभराव की स्थिति पैदा हो रही है। प्रदेश में बारिश के चलते 121 रास्ते बंद हैं जिनमें बॉर्डर रोड और राज्य मार्ग से लेकर ग्रामीण मार्ग भी शामिल हैं। जिसकी वजह से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश में मौसम विज्ञान केंद्र ने आगामी 31 जुलाई तक के लिए बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

मौसम विज्ञान केंद्र से आज के लिए प्रदेश के कुछ जिलों देहरादून, पौड़ी, चंपावत, नैनीताल और उधम सिंह नगर में तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों को अलर्ट मोड में रहने को कहा गया है। वहीं शेष अन्य जिलों में भी कई दौर की तेज बारिश हो सकती है। जुलाई महीने के अंत तक प्रदेश भर के अधिकतर हिस्सों में तेज बारिश की संभावना बनी हुई है। येलो अलर्ट वाले जिलों में लोगों को एहतियात बरतने को कहा गया है।

# तैयारी : ग्राम पंचायतों के परिसीमन की प्रक्रिया शुरू

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




देहरादून , 30 जुलाई , त्रिस्तरीय पंचायतों के चुनाव से पूर्व ग्राम पंचायतों के परिसीमन व पुर्नगठन को सारणी गठित कर दी गई है। जिसमें जिलाधिकारी को अध्यक्ष, मुख्य विकास अधिकारी, एडीएम को सदस्य व जिला पंचायती राज अधिकारी को सदस्य सचिव का दायित्व दिया गया है। आज से परिसीमन को लेकर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इस कार्यक्रम के तहत 29 जुलाई को राजस्व ग्रामों की सूचना प्राप्त की गयी ।

30 जुलाई से सात अगस्त तक पुनर्गठन प्रस्ताव प्राप्त करना, आठ से 12 अगस्त तक प्रस्तावित पुनर्गठन प्रस्तावों का परीक्षण एवं सूची तैयार करना, 13 अगस्त को पुनर्गठन प्रस्ताव का अंतिम प्रस्ताव प्रकाशन, 14 से 16 अगस्त तक पुनर्गठन प्रस्तावों की आपत्तियां आमंत्रित करना शामिल है। 17 से 21 अगस्त तक प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण, 22 और 23 अगस्त तक अंतिम प्रस्तावों का प्रकाशन कर निदेशालय को प्रेषित, 27 से 30 अगस्त तक नव गठित और उसके प्रभावित अन्य ग्राम पंचायतों के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के प्रस्ताव तैयार करना, 31 अगस्त को प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों की सूची का अंतिम प्रकाशन, दो से चार सितंबर तक प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के प्रस्तावों पर आपत्तियां आंमत्रित करना, पांच से आठ सितंबर तक आपत्तियों का निराकरण और नौ सितम्बर को परिसीमन प्रस्तावों का अंतिम प्रकाशन और दस सितम्बर को प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों की सूचियां निदेशालय को भेजी जाएगी।

हिंदी दैनिक
न्यूज़ वायरस



# उत्तराखंड के दो धामों में बन रही देश की पहली टनल पार्किंग

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तरकाशी 30 जुलाई : प्रदेश सरकार ने देश की पहली टनल पार्किंग पर राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (NHIDCL) को डीपीआर तैयार करने की जिम्मेदारी सौंप दी है।

उत्तरकाशी जिले के गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में देश की पहली टनल पार्किंग बनने जा रही है। प्रदेश सरकार ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) को डीपीआर तैयार करने की जिम्मेदारी दी है। NHIDCL ने गंगोत्री में पार्किंग के लिए भूमि का चयन कर लिया है, जबकि यमुनोत्री धाम के लिए दो संभावित स्थानों पर सर्वे चल रहा है। जिला प्रशासन ने चारधाम यात्रा और सामरिक महत्व को ध्यान में रखते हुए इस परियोजना का प्रस्ताव शासन को भेजा था।

डीपीआर तैयार करने और एनओसी संबंधित प्रक्रियाओं के लिए दी गई है। एनएचआईडीसीएल ने गंगोत्री में टनल पार्किंग के लिए धाम से लगभग चार किमी पहले भूमि का चयन कर लिया है जबकि यमुनोत्री धाम में दो स्थानों पर सर्वे चल रहा है।

गंगोत्री धाम में प्रस्तावित पार्किंग की महत्वता इसलिए भी है कि यह चारधाम यात्रा के साथ-साथ भारत-चीन सीमा पर बर्फबारी के दौरान सेना के लिए भी उपयोगी साबित होगी।गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में 400-400 वाहनों की पार्किंग प्रस्तावित है। इस व्यवस्था के तहत वाहन एक दिशा से पार्किंग में प्रवेश करेंगे और दूसरी दिशा से बाहर निकलेंगे। इन टनल





पार्किंग के निर्माण से चारधाम यात्रा मार्ग पर ट्रैफिक की भीड़ कम होगी और लगभग आठ हजार यात्री इसका लाभ उठा सकेंगे। देश की पहली टनल पार्किंग का निर्माण गंगोत्री और यमुनोत्री के मास्टर प्लान के तहत किया जाएगा।

# उत्तराखंड : मुफ्त बिजली चाहिए तो इस योजना में लगाइए सोलर प्लांट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 30 जुलाई : प्रदेश में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को केंद्र और राज्य सरकार की ओर से सब्सिडी भी प्रदान की जा रही है। प्रदेश के कई लोग इसका फायदा भी उठा चुके हैं। यहाँ हम आपको बताएँगे कि आप इस योजना का लाभ किस तरह से उठा सकते हैं।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत बढ़ते बिजली बिलों की समस्या से जूझ रहे एक करोड़ से भी अधिक लोगों के घरों पर सोलर पैनल लगवाए जा रहे हैं। इस योजना के अंतर्गत सोलर पैनल लगाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार सब्सिडी प्रदान कर रही हैं। यदि आप 3 किलोवाट का सोलर पैनल लगाते हैं, जिसकी कुल लागत 1,95,000 रुपये है, तो आपको सरकार से 1,30,000 रुपये की सब्सिडी मिलेगी, इससे आपको केवल 65,000 रुपये खर्च करने होंगे।उपभोक्ता





अपनी आवश्यकतानुसार अपने छत पर सोलर पावर प्लांट लगा सकते हैं। 1 किलोवाट से 10 किलोवाट तक के प्लांट लगाने से वे न केवल अपने घर की बिजली की जरूरतें पूरी कर सकते हैं, बल्कि अतिरिक्त सौर ऊर्जा को विद्युत विभाग को बेचकर भी लाभ कमा सकते हैं। इस योजना के तहत 1 किलोवाट का सोलर पैनल लगाने पर 47,000 रुपये (केंद्र सरकार से 30,000 और राज्य सरकार से 17,000) की सब्सिडी मिलती है।

2 किलोवाट के लिए 94,000 रुपये (केंद्र से 60,000 और राज्य से 34,000) की सब्सिडी मिलेगी। 3 किलोवाट या उससे अधिक के सोलर पैनल पर 1,29,000 रुपये (केंद्र से 79,000 और राज्य से 51,000) की सब्सिडी प्राप्त कर सकते हैं।पीएम सूर्य घर योजना का लाभ लेने के लिए आवेदनकर्ता को भारत का स्थाई निवासी होना चाहिए और गरीब या मध्यम वर्ग का होना आवश्यक है। आवेदक के पास स्वयं का आवास, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, बिजली बिल, मोबाइल नंबर, बैंक खाता और पासबुक होना अनिवार्य है। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक pmsuryaghar.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है।

# मनु भाकर ने ओलंपिक में जीता मेडल दून की इस अकादमी में ली थी ट्रेनिंग



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 30 जुलाई : भारतीय निशानेबाज मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीता है जिससे पूरे देश को उनपर गर्व है। पेरिस ओलंपिक 2024 से पूरे भारत के लिए बेहद ख़ुशी खबर सामने आई है। मनु भाकर ने 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर भारत का खाता खोला है।

पीएम मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और अन्य प्रमुख हस्तियों ने मनु को बधाई दी है। मनु की सफलता पर पूरे देश में जश्न मनाया जा रहा है और उत्तराखंड में भी उनके सम्मान में खुशियां मनाई जा रही हैं क्योंकि उनकी ओलंपिक यात्रा में उत्तराखंड का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। लेकिन यह सफलता इतनी सरल नहीं थी, 22 साल की निशानेबाज मनु भाकर के लिए भी ओलंपिक पदक जीतना वर्षों की मेहनत और पसीने का परिणाम था। मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक की तैयारी देहरादून के जसपाल राणा निशानेबाजी संस्थान में की। पिस्टल किंग जसपाल राणा की कोचिंग में अभ्यास करके मनु ने 10 मीटर एयर पिस्टल में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर पेरिस में भारत का तिरंगा ऊंचा किया जिससे पूरे देश को उनपर गर्व है। मनु भाकर की इस सफलता पर जसपाल राणा निशानेबाजी संस्थान में पिस्टल किंग जसपाल राणा मिठाई बांटी गई और मनु को आगामी दो इवेंट्स के लिए शुभकामनाएं दी गईं। इंडियन शूटर मनु भाकर ने 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीता, जिससे वे इस इवेंट में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गई हैं। 22 वर्षीय मनु भाकर हरियाणा के झज्जर जिले के गोरिया गांव की रहने वाली हैं।

## शिविर में लोगों को उनके अधिकार और कानून बताए

चमोली। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चमोली के तत्वावधान में रविवार को राजकीय इंटर कालेज सावरी सैंण सैकोट में वृहद बहुउद्देशीय विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। अपर जिला न्यायाधीश विनोद कुमार और सिविल जज (सी0डि0)/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पुनीत कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर शिविर का शुभारंभ किया और विधिक सेवाओं के बारे में जानकारी दी। अपर जिला न्यायाधीश विनोद कुमार ने कहा कि शिविर का उद्देश्य लोगों को कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। हर व्यक्ति को अपने कानूनी अधिकारों के बारे में पता होना आवश्यक है, ताकि कानून की जानकारी के अभाव में कोई भी व्यक्ति अपने अधिकारों से वंचित न रह जाए। इस अवसर पर अपर जिला न्यायाधीश ने पौध रोपण भी किया।

प्राधिकरण के सचिव पुनीत कुमार ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चमोली से मिलने वाली निःशुल्क विधिक सेवा के बारे में बताया। शिविर में लगाए गए स्टालों में स्वास्थ्य विभाग के स्टाल में लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ ही 28 लोगों के आयुष्मान कार्ड और 1 दिव्यांग प्रमाण पत्र मौके पर बनाया गया। अन्य स्टालों में भी पेंशन, श्रमिक कार्ड, राशन कार्ड आदि बनाए गए। शिविर में सीजीएम छवि बंसल, एसीजीएम सचिन कुमार पाठक, सिविल जज (जू0डि0) नवल कुमार, डीजीसी सिविल मनोज भट्ट, मुख्य कानूनी रक्षा सहायता परामर्शदाता समीर बहुगुणा, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भरत सिंह रावत, पैनल अधिवक्ता ज्ञानेन्द्र खंतवाल, रैजा चौधरी, कुलदीप वत्तर्वाल, शंकर सिंह मनराल, हिमांद समिति के सचिव एवं पीएलबी उमा शंकर बिष्ट, भक्ति देवी, अभिषेक, रूद्र सिंह भंडारी, अंजना देवी समेत विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## गोपीनाथ मंदिर में किया जलाभिषेक

चमोली। श्रावण मास के दूसरे सोमवार को चमोली जिले में स्थित शिव मदिरों में बड़ी सख्या में शिव भक्तों ने भगवान शिव के दर्शन पूजा, अर्चन किया। रुद्राभिषेक, रुद्रीपाठ, रुद्रकल्प अनुष्ठान किया गया। भगवान शिव के प्रसिद्ध गोपीनाथ मन्दिर में पहुंचे शिव भक्तों ने भगवान का दर्शन पूजन किया। भारत के अलग अलग क्षेत्रो से कावड़िये भी गोपेश्वर गोपीनाथ शिव मन्दिर पहुंचे। भगवान रुद्रनाथ में आयोजित हो रहे रुद्रकल्प अनुष्ठान में शिवभक्त पहुंचे। बदरीनाथ स्थित पौराणिक आदि केदारेश्वर मंदिर में बड़ी संख्या में तीर्थयात्री दर्शन को पहुंचे।

## आपदा प्रभावित परिवारों को बांटी अहैतुक सहायता राशि

चमोली। जनपद में भारी बारिश से प्रभावित परिवारों को जिला प्रशासन द्वारा राहत राशि के चेक, अहैतुक सहायता और खाद्यान्न किट वितरित किए गए। भारी बारिश के कारण गांव बुराली, बांसवाड़ा, मोखतल्ला, काण्डई और खुनाणा में कुछ परिवार प्रभावित हुए थे। प्रशासन की टीम ने बुराली गांव में प्रभावित 06 परिवार, मोखतल्ला में 04 परिवार, बांसवाड़ा, काण्डई और खुनाणा में एक-एक परिवार को राहत राशि के चेक, अहैतुक सहायता और खाद्यान्न किट वितरित किए है। बांसवाड़ा में तीक्ष्ण क्षतिग्रस्त आवासीय भवन के लिए प्रभावित परिवार को 1.30 लाख सहायता राशि और 5 हजार की अहैतुक सहायता राशि का चेक दिया गया। बुराली, काण्डई और खुनाणा में आंशिक क्षतिग्रस्त भवनों के लिए 6500 प्रति परिवार और 5 हजार की अहैतुक सहायता चेक वितरित किए गए। वही मोखतल्ला में 04 प्रभावित परिवारों को अहैतुक सहायता के रूप में 5-5 हजार के चेक वितरित किए गए। प्रभावित सभी परिवारों को खाद्यान्न किट भी उपलब्ध कराई गई है। प्रशासन की टीम आपदा प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद पहुंचा रही है और बरसात के दौरान लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रहने को कहा जा रहा है।

## बदरीनाथ नगर पंचायत ने सीमा क्षेत्र की चौकियों पर चलाया सफाई अभियान

चमोली। बदरीनाथ नगर पंचायत की ओर से रविवार को भारत तिब्बत सीमा क्षेत्र की चौकियों और देवताल के आसपास सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान नगर पंचायत के 57 सदस्यीय दल ने 72 किलोग्राम प्लास्टिक वेस्ट एकत्रित किया। जिसे निस्तारण के लिए बदरीनाथ धाम के कूड़ा निस्तारण केंद्र में लाया गया।बदरीनाथ के साथ ही माणा गांव की सफाई का जिम्मा संभाले हुए बदरीनाथ नगर पंचायत ने पहली बार भारत-तिब्बत सीमा क्षेत्र की चौकियों के साथ ही देवताल में सघन सफाई अभियान चलाया। यहां नगर पंचायत की ओर से प्लास्टिक वेस्ट के साथ ही कैन वेस्टर को एकत्रित कर निस्तारित किया गया। टीम ने क्षेत्र से 72 किलोग्राम अजैविक कचरे को एकत्रित किया। नगर पंचायत बदरीनाथ के अधिशासी अधिकारी सुनील पुरोहित ने बताया कि सीमा क्षेत्र में पहली बार सफाई अभियान चलाया गया है। भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर सीमा क्षेत्र में पुनः सफाई अभियान चलाया जाएगा। बताया कि बदरीनाथ धाम और माणा गांव में पंचायत को प्लास्टिक कचरे से मुक्त करने के लिए पंचायत की ओर से कार्य किया जा रहा है।

# आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर ने राहत शिविर में पीडितों का दर्द बांटा





- तिनगढ़ गांव एवं बूढ़ाकेदार आपदाग्रस्त क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर सुनी पीड़ितों की समस्या
- मुख्यमंत्री ने दिये है आपदा पीडितों को हर समय सहायता के निर्देश



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 30 जुलाई , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पाण्डेय ने आपदाग्रस्त तिनगढ गांव एवं बूढाकेदार क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होने अस्थाई राहत शिविर राजकीय इण्टर कॉलेज विनक खाल में आपदा प्रभावितों और अधिकारियों के साथ बैठक कर ग्रामीणों की समस्यायें सुनी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आपदा पीडितों के प्रति संवेदनशील है तथा निरन्तर राहत कार्यो की जानकारी ले रहे है। आपदा प्रभावितों को हर संभव मदद के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिए है आपदा पीडितों की मदद में पैसों की कमी आड़े न आने दी जाए इसके भी सख्त निर्देश मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये है।

आयुक्त गढवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर बूढाकेदार में बालगंगा एवं धर्म गंगा के किनारे क्षतिग्रस्त हुई सड़क सुरक्षा के प्रारम्भिक कार्यों के लिए 08 करोड़ की स्वीकृति भी प्रदान की गई है। अधीक्षण अभियंता सिंचाई को कल तक इस्टीमेट जिलाधिकारी टिहरी को उपलब्ध कराने तथा टेंडर प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश भी उन्होने दिए।

आयुक्त गढवाल ने अस्थाई राहत शिविर में व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए शिविर में पॉवर बैकअप की व्यवस्था करने, टीवी की व्यवस्था, बच्चों की पढ़ाई, आजीविका आदि को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। कहा कि आपदा प्रभावितों को कोई दिक्कत न हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने जिलाधिकारी टिहरी को आपदा पीडित के आवास की वैकल्पिक व्यवस्था करने, 5 स्थानों पर जगह चिन्हित कर पशुओं हेतु शेल्टर बनाने, क्षमतानुसार पशुओं को शिफ्ट करने तथा पशुओं हेतु चारा पानी की उचित व्यवस्था करने तथा तिनगढ़ गांव को प्राथमिकता पर पुनर्वास/विस्थापन की कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने कहा कि तिनगढ़ गांव के पुनर्वास/विस्थापन के लिए भूगर्भीय सर्वे कर लिया गया है तथा सैद्धान्तिक स्वीकृति मिल चुकी है। उन्होंने जिलाधिकारी को तिनगढ़ गांव पुनर्वास के लिए ग्रामीणों और अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित कर भूमि चिन्हीकरण हेतु निरीक्षण करवाने के निर्देश दिए। जमीन उपलब्धता के अनुसार लोगों का पुनर्वास करने को कहा। तोली गांव के पुनर्वास के लिये सर्वे रिपोर्ट के आधार पर द्वितीय चरण में कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने जनपद में आपदा से हुई क्षति एवं राहत कार्यों की जानकारी देते हुए आपदा राहत की बताया कि ग्राम कोट के 28 परिवारों के विस्थापन की कार्यवाही गतिमान है तथा उन्हे आज प्रथम किश्त जारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि आपदाग्रस्त क्षेत्र के समस्त गांवों का जूलॉजिकल सर्वे कर कराया जा रहा है।

## छात्रों को परीक्षा का अंतिम मौका

नई टिहरी। श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विवि प्रशासन ने स्नातक स्तर बीए, बीएससी और बीकॉम में पर्यावरण विज्ञान और एलिमेंट्री बुक कीपिंग विषयों की परीक्षा देने से किसी कारण वंचित रहे छात्र-छात्राओं की उक्त विषयों की परीक्षा अगस्त माह में आयोजित करने का निर्णय लिया है। विवि के परीक्षा नियंत्रक डा सीएस नेगी ने बताया कि सत्र 2012-13 से जो छात्र-छात्राएं बीए, बीएससी और बीकॉम की परीक्षा पास कर चुके है। लेकिन पर्यावरण विज्ञान और एलिमेंट्री बुक कीपिंग की परीक्षा नहीं दे पाए हैं, उन्हें विवि की ओर से परीक्षा में शामिल होने का अंतिम अवसर दिया जा रहा है। परीक्षा में सम्मलित होने वाले छात्र-छात्राएं 6 अगस्त तक अपना आवेदन पत्र विवि से संबंद्ध अपने निकटवर्ती राजकीय महाविद्यालयों और स्ववित्त पोषित कॉलेजों में जमा कर सकते है। प्रार्थना पत्र के साथ छात्र को अंतिम वर्ष की मूल अंकतालिका, 500 रूपये का बैंक डाफ्ट विवि वित्त अधिकारी के नाम जमा करना अनिवार्य होगा।

## सांसद ने अधिकारियों को त्वरित राहत कार्य करने दिये निर्देश

नई टिहरी। उत्तराखंड में लगातार हो रही बारिश, अतिवृष्टि से जनजीवन अस्त-व्यस्त बना हुआ है। बीते कई दिनों से टिहरी, उत्तरकाशी सहित कई अन्य स्थानों पर बादल फटने की घटनाएं भी हुई हैं। जिसमें कई लोग हताहत और सरकारी और निजी परिसंपत्तियों को नुकसान पहुंचा है। दैवीय आपदा के मध्यनजर टिहरी सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह ने आपदा प्रबंधन कार्य को बेहतर कर लोगों को सुविधाएं देने, राहत और बचाव कार्य तेजी से करने के निर्देश दिए हैं। यहां जारी एक बयान में सांसद ने कहा कि संसद सत्र होने के कारण वह प्रभावित क्षेत्रों में नहीं जा पाई हैं। लेकिन वह सीएम पुष्कर सिंह धामी, प्रभारी मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल सहित डीएम टिहरी और उत्तरकाशी के संपर्क में है। उन्होंने डीएम मयूर दीक्षित को तत्काल प्रभाव से राहत और बचाव कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। ग्रामीणों को सुरक्षित जगह शिफ्ट करने के साथ ही आपदा की जद में आए स्कूलों को अन्य जगह संचालित करने को कहा है। कहा कि आपदा राहत कार्यों में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्रामीणों, व्यापारियों से राहत और बचाव कार्यों में संयम व सतर्कता बनाए रखने की भी अपील की है।

### परीक्षा परिणाम घोषित करने की मांग

नई टिहरी। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नई टिहरी के छात्र-छात्राओं ने श्रीदेव सुमन विवि कुल सचिव को ज्ञापन सौंपकर स्नातक व स्नातकोत्तर के परीक्षा परिणाम घोषित करने की मांग की है। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद ने कहा कि, विवि की ओर से परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं, उनमें कई छात्र-छात्राओं के परिणाम घोषित नहीं हुए हैं। छात्रों ने शीघ्र परीक्षा परिणाम घोषित करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में उपाध्यक्ष सुहानी पुंडीर, मोहित राणा, दिव्यांशु, ऋषभ, मोनिका, अंजली, शुभम पाल, पंकज, ऋषि पंवार आदि शामिल रहे।

### बदियासैम गांव में पशु भक्षी गुलदार का आंतक

चमोली। सिलंगा ग्राम पंचायत के बदियासैम क्षेत्र में वर्तमान में गुलदार का आतंक व्याप्त है। जिससें क्षेत्र में पशुपालकों में दहशत बनी हुई है। सोमवार सुबह को गुलदार ने सीता देवी पत्नी देवेन्द्र को गाय को गौशाला से बाहर खीच कर अपना निवाला बना दिया।

सूचना पर वन दरोगा जंगवीर बिष्ट आदि वनकर्मी मौके पर पहुंचे। बताया कि इस संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। प्रधान सिलंगा कमला नेगी और पूर्व प्रधान व वन पंचायत सरपंच भरत नेगी ने प्रभावित परिवार को मुआवजा देने तथा गुलदार को क्षेत्र से खदेड़ने की मांग वन विभाग से की है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में क्लर्क की मौत

नई टिहरी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौंड लंबगांव में कार्यरत क्लर्क की संदिग्ध परिस्थितियों में अपने घर में मौत हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। लंबगांव थाना प्रभारी शांति प्रसाद चमोली ने बताया कि सीएचसी चौंड में कार्यरत टेक्निशियन अमित पटवाल ने थाने में आकर पुलिस को सीएचसी में कार्यरत 45 वर्षीय क्लर्क आदेश पैन्यूली पुत्र कृष्णानंद पैन्यूली, निवासी ग्राम पनियाला, पट्टी रौंणद रमोली, अस्पताल के पास बने सरकारी आवास पर मृत पाए जाने की जानकारी दी। सीएचसी प्रभारी डॉ. राहुल ने बताया कि क्लर्क पैन्यूली का शव पीएम के लिए जिला अस्पताल बौराड़ी भेजा गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## कपिल देव को सम्मानित किया

नई टिहरी। बागवानी के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करने वाले जौनपुर ब्लॉक के मोलधार गांव निवासी कपिल देव नौटियाल को सोमवार को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य चंद्रभान, इको क्लब के प्रभारी महावीर नौटियाल ने उनका शॉल भेंटकर स्वागत किया। नौटियाल ने छात्र-छात्राओं बताया कि मिशन एप्पल के सहयोग से उन्होंने 1000 सेब के पेड़ लगाए। कड़ी मेहनत के बाद आज उनके सेब की मांग दिल्ली और देहरादून के व्यापारियों में है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं से मेहनत कर आगे बढ़ने की अपील की।

## बार- बार सड़क टूटने से नैणी के ग्रामीण परेशान

चमोली। नवनिर्मित सड़क के बार-बार टूटने से नैणी गांव के ग्रामीणों और स्कूल के छात्र छात्राओं को आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है प्रधान नैणी केदार सिंह रावत ने बताया कि उनके नैणी गांव के लिए ब्रिडकुल संस्था के माध्यम से वर्ष 2022 में साढ़े तीन किमी सड़क का निर्माण तथा मई 2024 में सड़क का डामरीकरण किया गया था। लेकिन सड़क हल्की सी बारिश में भी बार-बार टूट रही है। जिससे ग्रामीणों को आवश्यक सामाग्री लाने व ले जाने के साथ ही विद्यालय में अध्यनरत छात्रों को विद्यालय जाने में असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही ग्रामीण और छात्र छात्राएं जान हथेली पर रख कर सड़क से आ-जा रहे हैं। प्रधान केदार सिंह ने ब्रिडकुल संस्था से शीघ्र सड़क मरम्मत करने की मांग करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है।

# सीएम धामी ने किया 'वो 17 दिन' पुस्तक का विमोचन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नई दिल्ली स्थित उत्तराखंड सदन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 'वो 17 दिन' पुस्तक का विमोचन किया। पुस्तक 'वो 17 दिन' सिल्क्यारा सुरंग में फंसे श्रमिकों पर आधारित है। मुख्यमंत्री ने सिलक्यारा सुरंग को लेकर अपने अनुभव भी साझा किए और कहा कि 41 श्रमिकों को सकुशल बाहर निकालना एक बड़ी उपलब्धि है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन से ही बचाव अभियान सफलतापूर्वक पूर्ण हो पाया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान पुस्तक के लेखक राजीव रंजन सिंह को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सकारात्मकता और अनुभवों से भरी यह पुस्तक निश्चित ही पढ़ने योग्य है। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष श्याम जाजू, पूर्व सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी और पुस्तक के लेखक राजीव रंजन सिंह उपस्थित रहे।



## बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ माकपा का धरना

नई टिहरी। राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था, चारधाम यात्रा व्यवस्था में स्थानीय लोगों की उपेक्षा पर माकपा (मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी) ने सोमवार को जिला मुख्यालय पर धरना दिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन प्रेषित किया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था बिगड़ती जा रही है। मांग करते हुए कहा कि बस्तियों को उजाड़ना बंद करो। सभी गरीबों को आवास दो। कारपोरेट के लाभ के लिए बन रही योजनाओं से पर्यावरण हो रहे नुकसान को बंद किया जाय। इस मौके पर माकपा के जिला संयोजक भगवान सिंह राणा, कृपाल सिंह कठैत, गुलाब सिंह, सफर सिंह नेगी, विक्रम सिंह, नित्यानंद आदि मौजूद रहे।

## परीक्षा परिणामों की देरी से नाराज छात्रों ने किया विरोध-प्रदर्शन

नई टिहरी। हेमवती नंदन बहुगुणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के स्वामी रामतीर्थ परिसर में छात्रों में परीक्षा परिणाम घोषित न होने को लेकर विश्विद्यालय कुलपति का सोमवार को विरोध-प्रदर्शन करते हुए पुतला फूंका। कहा कि परिणाम घोषित होने से प्रवेश में देरी हो रही है। छात्रों ने मांगों को लेकर ज्ञापन भी प्रेषित किया। परीक्षा परिणाम घोषित न होने को लेकर एसआरटी परिसर के मुख्य गेट पर छात्रों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए कुलपति का पूतला फूंका। छात्रों ने कहा कि विश्वविद्यालय में विषम सेमेस्टर में प्रवेश प्राप्त करने के लिए आवश्यक मानकों को पूर्ण करने के लिए परीक्षा परिणाम को घोषित किया जाना अति आवश्यक है। लेकिन अभी तक नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने की तिथि तक भी परीक्षा परिणाम न घोषित होने से प्रवेश प्रक्रिया में विलंब हो रहा है। विश्वविद्यालय में रिचैक व्यवस्था न होने के कारण अनेकों बार अपने परीक्षा परिणाम से संतुष्ट नहीं होने पर परिणामों का परीक्षण नहीं करवाया सकता है।

# बिछड़े शिव भक्तों को मिलाने में लगी है पौड़ी पुलिस की 'खोया पाया टीम'

■ कावड़ मेला शुरु होने से अब तक पौड़ी पुलिस ने 80 बिछड़े शिव भक्तों को मिलाया उनके परिजनों से

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पौड़ी 30 जुलाई : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह के निर्देशन में पौड़ी पुलिस द्वारा कांवड़ मेला में मुख्य मुख्य स्थानों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये खोया पाया केंद्रों की स्थापना की गयी है जो तत्परता से परिजनों से बिछड़े हुये शिवभक्तों को मिलाने के अलावा अन्य प्रकार से भी श्रद्धालुओं की लगातार सहायता कर रहे हैं। पौड़ी पुलिस द्वारा कांवड़ मेला में परिजनों से बिछड़ने वाले बच्चों, महिलाओं व पुरुषों को पी०ए० सिस्टम, सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से ढूंढ-ढूंढकर उनके परिजनों के सुपुर्द किया जा रहा है। पौड़ी पुलिस द्वारा कांवड़ मेला प्रारंभ होने से अब तक अपने अथक प्रयासों से 80 बिछड़े शिव भक्तों को उनके परिजनों के सकुशल सुपुर्द किया गया है।






## संक्षिप्त खबरें

### एनईपी बच्चों के सर्वांगीण विकास में मुख्य भूमिका निभा रही : प्रो. डंगवाल

श्रीनगर गढ़वाल। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के चार साल पूरे होने पर सोमवार को गढ़वाल विवि के समाजशास्त्र एवं समाजकार्य विभाग में विचार गोष्ठी आयोजित की गई। बतौर मुख्य अतिथि समाज शास्त्र एवं समाजकार्य विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. किरण डंगवाल ने कहा कि एनईपी 2020 बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ राष्ट्र और समाज के लिए भी जिम्मेदार बनाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि एनईपी बच्चों के सर्वांगीण विकास में मुख्य भूमिका निभा रही है।कार्यक्रम में वक्ता मदन मोहन मालवीय टीचर्स कमेटी के असिस्टेंट डायरेक्टर डा. राहुल कुमार ने बताया कि छात्रों के बहुआयामी विकास और सर्वांगीण विकास ही इस नीति का मुख्य उद्देश्य है। शिक्षा विभाग के डॉ. अमरजीत परिहार ने भारतीय दर्शन एवं भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर छात्रों को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन समाजशास्त्र विभाग की शोध छात्रा लूसी ने किया। मौके पर डा. नितिन बिष्ट, डा. हनुमंत वागमारे, डा. दिनेश चौधरी, डा. नितिन बिष्ट, डा. नरेंद्र चौहान, शोध छात्र अंकित उछोली, अतुल सती, राजेंद्र बिष्ट, धारणा शर्मा, तनिष्क सती, सौरभ चंद्र सानू आदि मौजूद रहे।

### आपदा प्रभावितों को हर संभव मदद : डीएम दीक्षित

नई टिहरी। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित भिलंगना ब्लॉक के बालगंगा और बूढ़ाकेदार क्षेत्र के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में निरंतर बचाव और राहत कार्यों का जायजा ले रहे हैं। उन्होंने दावा किया है कि प्रभावितों की हर संभव मदद पहुंचाई जा रही है। आपदा राहत कामों को लेकर डीएम ने बताया कि आपदाग्रस्त ग्राम तोली, जखाणा, कोट, विशन, थाती बूढ़ाकेदार, पिंसवाड़, उरणी, अगुण्डा, कोटी आदि ग्रामों में सार्वजनिक रास्ते, कृषि भूमि, सड़क, पेयजल लाईन, विद्युत आदि परिसम्पत्तियों के क्षति आंकलन और सर्वे कार्य में सम्बंधित विभागों की टीम जुटी हुई है। पिंसवाड़, उरणी, अगुण्डा, कोटी के लिए गठित टीम के चिकित्सा दल गांव में जाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण निरंतर कर रहे हैं। सार्वजनिक और निजी संपत्तियों का आंकलन किया जा रहा है। इसके साथ ही आपदाग्रस्त क्षेत्र बूढ़ाकेदार, पिंसवाड़ में रिवर डायवर्जन के कार्य प्रगति पर हैं।आपदाग्रस्त क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त पेयजल लाइनों के सुचारीकरण की कार्रवाई की जा रही है। वर्तमान में ग्रामवासियों को प्राकृतिक स्रोत से पेयजल उपलब्ध है। जबकि पेयजल निगम की भल्डगांव पेयजल योजना, चानी पेयजल योजना, दल्ला पेयजल योजना, भिगुन पेयजल योजना क्षतिग्रस्त है। इनके सुचारीकरण की कार्यवाही भी गतिमान है। बंद मार्गों को खोलने का काम जोरों पर किया जा रहा है।

### घनसाली के कोट गांव के 28 परिवारों को किया जाएगा विस्थापित

नई टिहरी। बालगंगा तहसील के बूढ़ाकेदार क्षेत्रांतर्गत आपदा प्रभावित कोट गांव में बीते कई वर्षों से भूस्खलन जारी है। जिसको देखते हुए ग्रामीणों का विस्थापन किया जा रहा है।बालगंगा के तहसीलदार हरीश जोशी ने बताया कि भू-वैज्ञानिक टिहरी गढ़वाल की रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में ग्राम कोट में कतिपय स्थानों पर भूस्खलन के क्षेत्र विकसित होने के कारण किसी बड़ी घटना की आशंका बनी हुई है। पूर्व की घटनाओं के आधार पर ग्राम कोट के 28 परिवारों के विस्थापन की कार्रवाई वर्तमान में गतिमान है। बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से विस्थापन को प्रस्तावित भवनों और नवनिर्मित भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों के समीप कोई भी परिवार निवास न करें तथा अविलम्ब निकटतम सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं। जिससे किसी भी अनहोनी की दशा में सम्भावित जानमाल की क्षति को रोका जा सके। इसके अतिरिक्त जिन 28 प्रभावित परिवारों को विस्थापित किया जाना है उनसे तत्काल भवन का ले-आउट प्लान उपलब्ध कराने को कहा गया है। जिससे उनके पुनर्वास और विस्थापन को प्रथम किश्त जारी की जा सके। उन्होंने ग्राम प्रधान कोट को भी अपने स्तर से ग्रामीणों को सूचित करते हुए आवश्यक सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया है।

### कांवड़ के चलते 2 अगस्त तक स्कूल रहेंगे बंद

नई टिहरी। कांवड़ मेले के चलते यात्रा मार्गों पर अधिक भीड़ होने के कारण छात्र हितों को देखते हुए जनपद के विकासखंड नरेन्द्रनगर के नगर पालिका मुनिकीरेती, ढालवाला, शीशमझाड़ी, राजीवग्राम व तपोवन क्षेत्रान्तर्गत संचालित सभी राइका, राउमावि, राप्राव, राउप्रावि, आंगनवाडी व निजी मान्यता प्राप्त विद्यालय एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों में 30 जुलाई से 2 अगस्त तक जिला प्रशासन ने अवकाश घोषित किया है। प्रशासन ने इस आशय की जानकारी सूचना विभाग के माध्यम से जारी की है।

### बूढ़ाकेदार से चार दिनों से कटा है सीमांत गांव पिंस्वाड़ का संपर्क

नई टिहरी। बीते दिनों घनसाली के बूढ़ाकेदार क्षेत्र में हुई अतिवृष्टि के चलते सीमांत पिंस्वाड़ गांव का संपर्क जिला मुख्यालय से चार दिनों से कटा हुआ है। बूढ़ाकेदार-अगुण्डा-पिंसवाड़ मोटर मार्ग का अधिकांश हिस्सा धर्मगंगा नदी में समा जाने और पैदल रास्ते क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीण गांव में ही कैद होकर राह गए है। बूढ़ाकेदार से 20 किमी की दूरी पर बसा पिंसवाड़ गांव पूर्व से ही आपदा प्रभावित है। चार दिन पूर्व हुई अतिवृष्टि से गांव के लिए जाने वाली सड़क, पैदल पुल, पैदल रास्तों के साथ ही ग्रामीणों के खेत खलिहान क्षतिग्रस्त हो गए है। अभी तक प्रशासन का कोई भी अधिकारी गांव तक नहीं पहुंचा है।

### देवप्रयाग में श्रद्धालुओं ने की पंच महादेवों की पूजा

नई टिहरी। श्रावण के दूसरे सोमवार को देवप्रयाग स्थित पंच महादवों में भगवान शिव की पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओ की भीड़ उमड़ी रही। पूरे दिन भक्त गंगा जल से भगवान शिव अभिषेक करने को जुटे रहे। संगम पर स्नान के बाद शिव भक्तों ने तीर्थनगरी की चारों दिशाओं में स्थित धनेश्वर, टोडेश्वेर, ट्रांकेश्वर, बेलेश्वर व मध्य में स्थित आदिविश्वेश्वर महादेवों का दूध, दही, गंगाजल से अभिषेक के बाद चंदन, बेलपत्र, धतूरा, भस्म आदि से पूजन किया गया। तीर्थ पुरोहितों ने विश्व कल्याण के लिए रुद्री पाठ व रुद्राभिषेक भी शिव मंदिरों में किए गए। भगवान राम द्वारा स्थापित आदि विश्वेश्वर महादेव में तीर्थ पुरोहितों ने क्षेत्र में बारिश के लिए भगवान शिव का विशेष पूजन भी किया। तीर्थ के आसपास स्थित बागेश्वर, बखलेश्वर, उमरेश्वर आदि में भी दूसरे सोमवार को पूजन अर्चना और आशीर्वाद के लिए ग्रामीण भक्तो का तांता लगा रहा।

### बूढ़ाकेदार में 21 भटके कांवड़ियों को किया रेस्क्यू

नई टिहरी। रविवार रात को गंगोत्री धाम से लौटते हुए 21 कांवड़ियों का एक समूह रास्ता भटक गया। जिन्हें एसडीआरएफ की टीम ने रेसक्यू कर सुरक्षित स्थल पर पहुंचाया। समूह में 21 कांवड़िये शामिल थे। एसडीआरएफ के सब इंस्पेक्टर दीपक जोशी ने बताया कि रविवार देर शाम को कांवड़ियों के दल के भटकने की उन्हें सूचना मिली। जिस पर तत्काल टीम के साथ रवानगी की गई।

# DAV सहित देहरादून के पांच बड़े कॉलेजों में दाखिले शुरू, ये है अंतिम तिथि

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 30 जुलाई : बीते दिन गढ़वाल यूनिवर्सिटी से संबद्ध देहरादून के चार बड़े कालेजों और मसूरी के एक कॉलेज में दाखिले की दौड़ शुरू हो चुकी है। इन कॉलेजों में दाखिला लेने की अंतिम तिथि और उपलब्ध सीटों के बारे में जान लीजिए।राजधानी देहरादून के डीएवी, डीबीएस, एमकेपी और एसजीआरआर कॉलेजों के साथ मसूरी के एमपीजी कॉलेज में स्नातक प्रथम वर्ष में दाखिले केवल सीयूईटी के माध्यम से होने हैं। मई में सीयूईटी की परीक्षा हो चुकी है और हजारों छात्र रिजल्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। क्योंकि श्रीदेव सुमन और दून विवि में दाखिले हो चुके थे लेकिन गढ़वाल विवि के कॉलेजों में दाखिले में काफी देरी हो रही थी। इसलिए अब सीयूईटी का रिजल्ट जारी होने के साथ ही छात्रों का इंतजार समाप्त हो गया।बाईट दिन इन पांच कॉलेजों में दाखिले के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए। इन कॉलेजों में कुल साढ़े सात हजार सीटें उपलब्ध हैं जिन पर दाखिले होने हैं। मैरिट रिजल्ट आने के बाद छात्रों को समर्थ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर कॉलेज का चयन करना होगा। समर्थ पोर्टल इस आधार पर इच्छुक छात्रों की मैरिट तैयार करेगा जिस पर कॉलेजों को दाखिला देना होगा। समर्थ पोर्टल दस दिन तक खुला रहेगा और इसके बाद मैरिट जारी की जाएगी। यानी दाखिले शुरू होने में लगभग ग्यारह से बारह दिन लग सकते हैं।

इन पांच कॉलेजों में उपलब्ध सीटें

DAV: 3815
DBS: 840
MKP: 1675S
GRR: 645




# उत्तराखंड के अनिल हर्बोला को बड़ी जिम्मेदारी बने भारतीय तटरक्षक के अपर महानिदेशक

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**





अल्मोड़ा 30 जुलाई : अनिल हर्बोला को भारतीय तटरक्षक के अपर महानिदेशक के पद पर नियुक्त किया गया है। उन्होंने बीते दिन मुंबई में पश्चिमी समुद्री क्षेत्र में अपनी नई जिम्मेदारियों का औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। तल्ला कौला के निवासी अनिल हर्बोला ने भारतीय तटरक्षक के अपर महानिदेशक के रूप में नई जिम्मेदारी संभाली है। वे तीन साल तक उत्तर पश्चिम क्षेत्रीय कमांड गुजरात में महानिरीक्षक के पद पर तैनात रहे। बित्ते दिन उन्होंने मुंबई में पश्चिमी समुद्री क्षेत्र में अपनी नई भूमिका का औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया और उनकी इस सफलता पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

अनिल हर्बोला ने जीआईसी द्वाराहाट से इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी की उसके बाद इन्होने कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल से भौतिक विज्ञान में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण किया। वर्ष 1989 में वे भारतीय तटरक्षक बल में भर्ती हुए और 1997 में तटरक्षक पोत ताराबाई के कमान अधिकारी के रूप में समुद्री लुटेरों का 750 किमी. तक पीछा करके उन्हें पकड़ा और अपहरण किया हुआ व्यापारी जहाज को मुक्त कराया था। उनकी इस वीरता के लिए तत्कालीन राष्ट्रपति ने उन्हें तटरक्षक पद से सम्मानित किया। आईजी के रूप में गुजरात एटीएस के साथ मिलकर उन्होंने 12 ऑपरेशनों में 3313 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त किए और 211 घुसपैठियों को गिरफ्तार किया। अनिल हर्बोला की पत्नी कविता जोशी और उनके दो पुत्रियां भी हैं। उनके बड़े भाई मनोज हर्बोला आईआईटी कानपुर में भौतिकी के प्राचार्य हैं। परिजनों और क्षेत्रवासियों को उनकी वीरता पर गर्व है और इस उपलब्धि से सभी बेहद खुश हैं।

# देहरादून एयरपोर्ट बना इंटरनेशनल, अब इन 5 देशों के लिए डायरेक्ट फ्लाइट

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**






देहरादून 30 जुलाई : राज्य सरकार देहरादून से पांच देशों के लिए नई उड़ानों की शुरुआत की योजना बना रही है। इसके लिए उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण ने एयरलाइंस से उत्तराखंड एयर कनेक्टिविटी स्कीम के तहत आवेदन आमंत्रित मांगे हैं।उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण (यूकाडा) ने एक विज्ञापन जारी किया है जिसमें उत्तराखंड एयर कनेक्टिविटी स्कीम के तहत सात घरेलू और पांच अंतरराष्ट्रीय रूट्स पर सेवाओं की शुरुआत की जानकारी दी गई है। घरेलू उड़ानें देहरादून और पंतनगर एयरपोर्ट से शुरू होंगी जबकि अंतरराष्ट्रीय उड़ानें केवल देहरादून एयरपोर्ट से संचालित की जाएंगी। UCADA के एसीईओ दयानंद सरस्वती ने बताया कि एयरलाइंस को आवेदन देने की अंतिम तिथि तीन अगस्त निर्धारित की गई है। इसके बाद पांच अगस्त को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से एयरलाइंस के साथ इस पर चर्चा की जाएगी।विज्ञापन की शर्तों के अनुसार उत्तराखंड सरकार एयरलाइंस को इन उड़ानों के लिए वाइबिलिटी गैप फंडिंग के तहत लागत और राजस्व के बीच अंतर या बिक्री न होने वाली टिकटों पर हुए नुकसान की भरपाई करेगी। सरकार पहले से ही देहरादून के जौलीग्रांट से नेपाल के काठमांडू तक अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शुरू करने के लिए प्रक्रिया आरम्भ कर चुकी है और इस सेवा के सितंबर तक शुरू होने की उम्मीद है। इस अवधि के दौरान जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर कस्टम ऑफिस भी स्थापित किया जाएगा।

1. देहरादून से दुबई, सिंगापुर, कोलंबो, बैंकॉक, क्वालालम्पुर
2. देहरादून से भोपाल, चेन्नई, पटना

## संक्षिप्त खबरें

### श्रीनगर के शिवालयों में उमड़े शिव भक्त

श्रीनगर गढ़वाल। सावन के दूसरे सोमवार पर श्रीनगर और आसपास क्षेत्र के कमलेश्वर महादेव मंदिर, नागेश्वर महादेव मंदिर, कटकेश्वर महादेव और किलकिलेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से दोपहर तक भक्त जलाभिषेक करने के लिये शिवालयों में पहुंचते रहे। भक्तों ने शिव मंदिरों में पहुंचकर दूध, जल और बेल पत्र के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक किया। सुबह से तेज धूप के बावजूद भी दूर-दराज से शिव मंदिरों में भक्तों का तांता दिनभर जारी रहा। दूसरे सोमवार पर सुबह चार बजे से ही कमलेश्वर महादेव मंदिर में दर्शनों के लिए भक्तों की भीड़ जुटना शुरू हुई। बच्चे, पुरुष, महिलाएं बड़ी तादात में शिवालयों में दर्शन करने के लिए पहुंचे। वहीं दर्शन के लिए मंदिर परिसर से मुख्य मार्ग तक भक्तों की लंबी कतार लगी रही। बम-बम भोले के जयकारों से मंदिर परिसर गुंजायमान रहा। कमलेश्वर महादेव मंदिर के महंत आशुतोष पुरी महाराज ने बताया कि सिद्धपीठ कमलेश्वर महादेव मंदिर में जो भी भक्त सच्ची आस्था से भगवान शिव की पूजा-अर्चना करता है। उसकी मनोकामना जरूर पूरी होती है। कहा कि श्रावण मास में भक्तों द्वारा मात्र जल चढ़ाने से ही भगवान शिव प्रसन्न हो जाते हैं।

### कीर्तिनगर ब्लॉक सभागार में प्रधान आज करेंगे तालाबंदी

श्रीनगर गढ़वाल। उत्तराखंड त्रिस्तरीय पंचायत संगठन के आह्वान पर एक राज्य एक पंचायत चुनाव को लेकर त्रिस्तरीय पंचायत संगठन कीर्तिनगर कल (आज) को कीर्तिनगर ब्लॉक में तालाबंदी करेंगे। इस संदर्भ में सोमवार को प्रधान संगठन कीर्तिनगर के अध्यक्ष सुनय कुकसाल ने उपजिलाधिकारी कीर्तिनगर के माध्यम से जिलाधिकारी टिहरी को ज्ञापन प्रेषित किया। सुनय कुकसाल ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत संगठन एक राज्य एक पंचायत चुनाव की मांग को लेकर 15 जुलाई से पंचायतीराज निदेशालय देहरादून में आंदोलनरत हैं लेकिन शासन-प्रशासन की ओर से मांग को सकारात्मकता से नहीं लिया जा रहा है। कहा कि 12 जनपदों के पंचायत चुनाव हरिद्वार जनपद के साथ किया जाना अति महत्वपूर्ण है। उन्होनें कीर्तिनगर क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों से एक दिवसीय तालाबंदी में प्रतिभाग कर आंदोलन को मजबूत करने का अपील की है।


### गढ़वाली काव्य संग्रह 'छैल' का हुआ विमोचन

श्रीनगर गढ़वाल। बुलंदी साहित्यिक सेवा समिति के बैनर तले कवि सम्मेलन के तहत कवयित्री साईनी कृष्ण उनियाल के गढ़वाली काव्य संग्रह "छैल" के विमोचन किया गया। समारोह में कवियों ने अलग-अलग विधाओं में अपनी स्वरचित कविताओं का शानदार पाठ किया। बाल कवियों को मौके पर प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र के सभागार में आयोजित कार्यक्रम के पहले सत्र में गढ़वाली काव्य संग्रह "छैल" का गढ़वाली पजलकार जगमोहन सिंह रावत जगमोरा की अध्यक्षता में बतौर मुख्य अतिथि साहित्यकार डा. विष्णुदत्त कुकरेती, विशिष्ट अतिथि बुलंदी साहित्यिक सेवा समिति के विवेक बादल बाजपुरी, आखर ट्रस्ट के संदीप रावत और ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र श्रीनगर की बीके प्रेरणा ने विमोचन किया। मुख्य अतिथि डा. कुकरेती ने साईनीकृष्ण के गढ़वाल काव्य संग्रह "छैल" को गढ़वाली भाषा के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह पुस्तक कवयित्री ने अपनी सास को समर्पित की है, जो नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। मौके पर ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र की बीके प्रेरणा, बीके रितेश, प्रवक्ता जीव विज्ञान महेंद्र दत्त बंगवाल, जयकृष्ण पैन्यूली, कवयित्री अनुसूया बडोनी, अंशी कमल, अनीता काला, अक्षिता भंडारी, अक्षिता रावत, नेत्रा थपलियाल, जसवंत राणा, प्रद्युम्न, शिवानी उनियाल, मयंक, अंजलि रावत,दीपक, व्यापार सभा अध्यक्ष दिनेश असवाल, अरविंद दरमोड़ा, वाणी विलास उनियाल, नवीन कुमार, वीरेंद्र रतूड़ी, डा. कविता भट्ट ,गंगा असनोड़ा थपलियाल, भारती आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने पर खुशी जताई

श्रीनगर गढ़वाल। प्रान्तीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा राष्ट्रीय कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष मनोनीत होने पर श्रीनगर व्यापार सभा ने खुशी जाहिर की है। व्यापारियों ने कहा कि वर्मा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने से संगठन को बल मिलेगा। मौके पर उद्योग व्यापार मंडल श्रीनगर जिलाध्यक्ष वासुदेव कंडारी, जिला महामंत्री दिनेश पंवार, जिला संयुक्त महामंत्री जगदीप रावत, जिला उपाध्यक्ष आनंद भंडारी, भागवत पांडे, त्रिलोक दर्शन थपलियाल, बलदेव बिष्ट, दिनेश पंवार, श्रीनगर व्यापार सभा अध्यक्ष दिनेश असवाल, महामंत्री अमित बिष्ट, कोषाध्यक्ष सुमन जोशी, श्रीकोट व्यापार सभा अध्यक्ष नरेश नौटियाल, त्रिभुवन राणा, डांग व्यापार सभा अध्यक्ष सौरभ पांडे, कीर्तिनगर व्यापार सभा अध्यक्ष ओमप्रकाश बधानी, चौरास व्यापार सभा अध्यक्ष युद्धवीर, राकेश चंद्र, बलवंत रावत, बीपेंद्र बिष्ट, वीरेंद्र लिंगवाल, शशि भट्ट, राजेंद्र नेगी आदि व्यापारियों ने खुशी व्यक्त की है।

# बीमार कार्यकर्ता से मिलने अस्पताल पहुंचे मंत्री सौरभ बहुगुणा








न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 30 जुलाई , प्रदेश के पशुपालन एवं रोज़गार मंत्री सौरभ बहगुणा ने मोबाइल वैटनरी यूनिट (1962) के कॉल सेंटर, प्रशासनिक भवन, मोथरोवाला देहरादून का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान फीडबैक प्राप्त करने के लिए खुद माइक और यूनिट सम्हालते हुए गजपाल निवासी ग्राम पोखरी (पौड़ी), उमेश सिंह निवासी ग्राम-रतखाल (अल्मोड़ा), वासुदेव ग्राम-महड (रूद्रप्रयाग), रचना ग्राम-प्रेमनगर (रुद्रप्रयाग), लक्ष्मण सिंह ग्राम-मैगडी स्टेट (बागेश्वर), देवेन्द्र ग्राम-तीनपानी (नैनीताल) एवं लक्की नेगी ग्राम झगंसी (चमोली) से दूरभाष पर बातचीत की और उनसे फीडबैक लिया। इसके बाद पशुपालन विभाग के अधिकारियों और पशु एंबुलेंस सेवा में लगी टीमों को प्रभावी कार्यवाही और जन सामान्य की सुविधा और कार्यवाही के दिशा निर्देश दिए।

पशुपालकों में से अधिकांश जनपद के पशुपालकों द्वारा मोवाईल वैटनरी सेवा (1962) द्वारा प्रदान की गई सेवा से सन्तुष्ट बताया गया तथा उक्त सेवा की प्रशंसा की गयी। उनमें से एक पशुपालक वासुदेव ब्लाक अगस्तमुनी के घर पर रोड ब्लाक होने के कारण 1962 चिकित्सा टीम नही पहुच सकी जिस हेतु विभागीय पशुचिकित्साधिकारी को ईलाज हेतु निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त जनपद चमोली के पशुपालक लक्की नेगी ब्लाक जोशीमठ द्वारा अवगत कराया गया कि इन के घर पर चिकित्सा हेतु आपतकालीन सेवा रात्री को उपलब्ध नही हो सकी। जिस पर पशुपालन मंत्री बहुगुणा ने तत्काल वहां मौजूद निदेशक को यथाशीघ विभागीय पशुचिकित्साधिकारी को चिकित्सा हेतु भेजे जाने के लिए निर्देशित किया ।

पशुपालन मंत्री बहुगुणा ने पशुपालको को 1962 की सेवा सांय 6:00 बजे के उपरान्त उपलब्ध न कराये जाने पर नाराजगी व्यक्त की तथा 1962 के हेड EMRI Green Health Service देहरादून को सांय 6.00 बजे के बाद भी 1962 सेवा के रूप में पशुपालको को सेवा उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये।पशुपालन मंत्री द्वारा हेड EMRI Green Health Service देहरादून को समय पर पशुपालकों की समस्या को हल न किये जाने के दृष्टिगत अन्तिम चेतावनी नोटिस निर्गत किये जाने हेतु निदेशक, पशुपालन को निर्देशित किया गया तथा भविष्य में इस सेवा को सुगमता से उपलब्ध कराये जाने निर्देश दिये गये।

इसके पहले मंत्री सौरभ बहुगुणा अचानक देहरादून के कनिष्क हॉस्पिटल पहुंचे जहाँ उन्होंने 25 दिनों से भर्ती विधानसभा सितारगंज के सूर्यनगर ग्राम पंचायत के प्रमुख भाजपा कार्यकर्ता बहादुर सिंह देव से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम पूछी। इस दौरान मंत्री को अपने पास खड़े देख वरिष्ठ कार्यकर्त्ता और उनके परिजन बेहद भावुक नज़र आये। मंत्री बहुगुणा ने हर सम्भव मदद का आश्वासन देते हुए उनके जल्द से जल्द ठीक होने की प्रार्थना की।

## 5 अगस्त से होगी मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना की चयन प्रक्रिया

अल्मोड़ा।मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना के संबंध में एक बैठक विकास भवन में आयोजित हुई। बैठक में मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत खिलाड़ियों का चयन किए जाने के लिए प्रतियोगिताओं के आयोजन के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने जिला खेल अधिकारी को निर्देश दिए खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए तिथियों का चयन शिक्षा विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर ही किया जाए जिससे जनपद के सभी स्कूली छात्रों को अवसर मिल सके। साथ ही मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी खेल प्रतियोगिताओं में चयनित हुए खिलाड़ियों का फाइनल प्रकाशन यथा समय कर लिया जाए जिससे यदि किसी छात्र या छात्रा को आपत्ति हो तो उसका निस्तारण करने के लिए पर्याप्त समय मिल सके। बैठक में जिला खेल अधिकारी माहेश्वरी आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के अंतर्गत 14 वर्ष से 23 वर्ष के बालक एवं बालिकाएं ही प्रतिभाग कर सकती हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना में 4 आयु वर्ग शामिल होंगे (14 से 17, 17 से 19, 19 से 21 एवं 21 से 23 वर्ष) तथा जनपद भर में प्रत्येक आयुवर्ग से 25 बालिकाएं एवं 25 बालक खिलाड़ी चयनित किए जाएंगे। इस योजना में 12 खेल विधाएं - एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, जूडो, कराटे, बैडमिंटन, ताइक्वांडो, वॉलीबॉल, फुटबॉल, बास्केटबॉल, हॉकी, टेबल टेनिस तथा कबड्डी सम्मिलित हैं। बैठक में तय किया गया कि ब्लॉक स्तर की प्रतियोगिताएं आगामी 5 अगस्त से 8 अगस्त तक आयोजित होंगी तथा नगरीय क्षेत्रों में 9 अगस्त एवं 10 अगस्त 2024 को प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। जो खिलाड़ी ब्लॉक स्तर एवं नगरीय क्षेत्रों से चयनित होकर आयेंगे उनके लिए 16 अगस्त, 17 अगस्त एवं 18 अगस्त को जनपद स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि जो खिलाड़ी जनपद स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं से चयनित होंगे उनको 2000 रुपए प्रतिमाह छात्रवृत्ति दी जाएगी साथ ही 10 हजार रुपए खेल उपकरणों के लिए दिए जाएंगे जिससे वें अपनी खेल प्रतिभाओं को निखार कर राष्ट्रीय/ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन कर सकें। बैठक में जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रशांत कुमार चौहान, उप जिला क्रीड़ा अधिकारी अरुण बंग्याल, खेल प्रशिक्षक, शिक्षा विभाग के अधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न रोकथाम पर हुई कार्यशाला

अल्मोड़ा।उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशन एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अल्मोड़ा श्रीकांत पाण्डेय के मार्गदर्शन में शचि शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अल्मोड़ा द्वारा गोविन्द बल्लभ पंत हिमालयन पर्यावरण अनुसंधान संस्थान कटारमल अल्मोड़ा में कार्यस्थल पर महिलाओं के लिए यौन उत्पीड़न रोकथाम, निषेध और निवारण अधिनियम 2013 अधिनियम की कार्यशाला का आयोजन किया गया। सचिव शचि शर्मा द्वारा अधिनियम के प्रावधानों पर वीडियो के माध्यम से विस्तार से उपस्थित संस्थान के समस्त वैज्ञानिकों व कर्मचारियों को जागरूक किया गया। शिविर में महिला सशक्तिकरण से संबंधित उच्चतम न्यायालय के विभिन्न न्याय निर्णय, महिलाओं के अधिकार व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल द्वारा प्रेषित नशे के दुष्परिणामों हेतु बनी वीडियो भी दिखाई गई। शिविर में सर्वोच्च न्यायालय में 29 जुलाई 2024 से 3 अगस्त तक आयोजित विशेष लोक अदालत आदि के विषय में भी जानकारी दी गई। शिविर के पश्चात वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिविर में संस्थान के समस्त वैज्ञानिक, कर्मचारी व पैरा लीगल वालंटियर दीपा पांडे उपस्थित रही।

## दुष्कर्म करने के प्रयास के दोषी को कारावास एवं अर्थदंड से किया दण्डित

अल्मोड़ा। दुष्कर्म करने के प्रयास एवं छेड़ाखानी करने के एक मामले में अपर सत्र न्यायाधीश रमेश सिंह ने अभियुक्त जगदीश उर्फ पप्पू को कारावास एवं अर्थदण्ड से दण्डित किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुसार दिनांक 01-09-2022 को पीड़िता से शाम सवा सात बजे अपने पीएचसी सैन्टर से स्टेशनरी शॉप से सामान खरीदकर घर को जा रही थी तो अभियुक्त द्वारा कार रोककर पीड़िता से छेड़खानी की गई एवं दुष्कर्म का प्रयास किया गया इस दौरान पीड़िता का फ़ोन भी मौके पर गिर गया। पीड़िता जैसे तैसे अभियुक्त के चंगुल से छूटकर घर को भागी जहाँ उसने सारी बात अपनी माँ को बताई और माँ ने पुजारी को बताई। जिसके बाद जब पुजारी घटनास्थल पर पहुंचे तो पीड़िता का मोबाइल फोन झाड़ियों में पड़ा हुआ मिला। पुजारी ने घटना की रिपोर्ट पटवारी को दी। उक्त रिपोर्ट पर पटवारी मौके पर पहुंचे और उनके द्वारा पीड़िता को पीएचसी सेंटर इलाज को भेजा और अभियुक्त आल्टो कार के ड्राइवर को पीएचसी सैन्टर में लाए जहाँ पर पीड़िता ने उसकी शिनाख्त की। पीड़िता द्वारा अभियुक्त के विरूद्ध पटवारी क्षेत्र मल्ली रियूनी तहसील रानीखेत जिला अल्मोड़ा में रिपोर्ट दर्ज कराई गयी। रिपोर्ट के आधार पर पटवारी मल्ली रियूनी तहसील रानीखेत में अभियुक्त के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया तथा पटवारी द्वारा पीड़िता के बयानों के आधार पर उपरोक्त धाराओं के अन्तर्गत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। विवेचना अधिकारी द्वारा विवेचना पूर्ण कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इस मामले का विचारण अपर सत्र न्यायाधीश, अल्मोड़ा के न्यायालय में चला। इस मामले में अभियोजन की ओर से नौ गवाहों को न्यायालय में परीक्षित किया गया तथा अभियोजन की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी पूरन सिंह कैड़ा द्वारा मामले में सबल पैरवी की गई। तथा दस्तावेजी साक्ष्य भी न्यायालय में प्रस्तुत किए गए। अपर सत्र न्यायाधीश अल्मोड़ा द्वारा पत्रावली पर मौजूद मौखिक व दस्तावेजी साक्ष्यों का परिशीलन कर अभियुक्त जगदीश उर्फ पप्पू पुत्र ख्याली राम निवासी मल्ली रियूनी तहसील रानीखेत जिला अल्मोड़ा को धारा-376ए सपठित धारा 511 ताहि में 5 वर्ष का कठोर कारावास एवं 50 हजार रूपये का अर्थदण्ड, धारा 354 ताहि में 2 वर्ष का कठोर कारावास व 20 हजार रूपये का अर्थदण्ड एवं धारा 323 भादंसं के तहत 1 वर्ष का साधारण कारावास व एक हजार रूपये का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### कांवड़ियों की सेवा को एकम्स ग्रुप आया आगे

हरिद्वार। एकम्स ग्रुप की ओर से चंडी घाट पर लगाए गए शिविर में डॉक्टरों और कर्मचारियों ने शिवभक्त कांवड़ियों का निशुल्क प्राथमिक उपचार दिया। एकम्स ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर संदीप जैन ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। उन्होंने कहा कि समाज और जरूरतमंदों की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। शिविर में केडी शर्मा, डॉ. सर्वजीत सिंह, दीपक शर्मा, आशीष, प्रेमपाल सिंह, राजकुमार, नवदीप, सुमित कुमार आदि मौजूद रहे।

### ग्राम सभाओं को अल्मोड़ा नगर पालिका में नहीं होने देंगे शामिल, करेंगे विरोध

अल्मोड़ा।अल्मोड़ा नगर के आसपास की 25 ग्राम सभाओं को अल्मोड़ा नगर निगम में शामिल करने की सुगबुगाहट के साथ ही विरोध भी शुरू हो गया है। सोमवार को ग्राम सभाओं के पंचायत प्रतिनिधियों ने परिसीमन के विरोध में प्रदर्शन किया। सोमवार को पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा एक आम बैठक की गई, जिसमें कहा गया कि सरकार द्वारा जबरन पच्चीस ग्राम सभाओं को नगर पालिका में शामिल करने का जो प्रस्ताव रखा गया है उस तुगलकी फरमान के खिलाफ समस्त पंचायत प्रतिनिधियों में भारी रोष व्याप्त है। यदि शासन द्वारा ग्राम सभाओं को जबरन नगरपालिका या निगम में मिलाने की कोशिश की गई तो समस्त ग्राम सभाओं की जनता और जनप्रतिनिधि हर स्तर पर इसका कड़ा विरोध करेंगे। पूर्व प्रधान हरीश कनवाल ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर ग्रामीण क्षेत्रों को नगर निगम में शामिल कर भारी भरकम टैक्स वसूलने की जो साजिश रची जा रही है इसे किसी भी सूरत में कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी मुश्किल से जिला पंचायत कार्य कर रही है, गांव के विकास और सुदृढ़ीकरण के लिए पंचायतों द्वारा कार्य किया जा रहे हैं। ऐसे में नगर निगम में ग्रामीण क्षेत्रों को शामिल कर टैक्स के नाम पर भारी भरकम शुल्क लगाने की कवायद बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि नगर निगम में शामिल करने से पहले ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिकी, भौगोलिक परिस्थिति एवं धरातलीय परिस्थिति का गहनता से अध्ययन कर लेना चाहिए। यहाँ बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्य हितेश नेगी, पूर्व प्रधान हरीश कनवाल, नवीन सिंह, विपिन बिष्ट, हेम भंडारी, विनोद लटवाल, किशन बिष्ट, पिंकी बिष्ट, हंसा मर्तोलिया, शेर सिंह लटवाल, महेंद्र सिंह रावत, मदन बिष्ट सहित ग्राम प्रधान, पूर्व प्रधान और पंचायत प्रतिनिधि शामिल रहे।

### जागेश्वर धाम में सावन के दूसरे सोमवार पर उमड़ी भक्तों की भीड़

अल्मोड़ा।जागेश्वर धाम में श्रावण माह के दूसरे सोमवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। बारिश के बीच सैकड़ों भक्तों ने धाम पहुंचकर भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया। इस दौरान जागेश्वर क्षेत्र बम बम भोले के जयकारों से गुंजायमान रहा। सोमवार तड़के तीन बजे से जागेश्वर धाम में भक्तों की आवाजाही शुरू हो गई थी। बाहर से आए हुए श्रद्धालु रविवार शाम को ही यहां पहुंच गए थे। सुबह पांच बजे तक मंदिर में पूजा करने वालों की कतार लगनी शुरू हो गई थी। भारी बारिश के बाद भी लोगों की आस्था कम नहीं हुई। लोगों ने बाबा जागनाथ की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। लोगों ने शिवलिंग पर दूध और जल चढ़ाकर आशीर्वाद लिया। पुजारियों ने भक्तों को जागेश्वर ज्योतिर्लिंग, हनुमान मंदिर, पुष्टि माता, महामृत्युंजय बाबा और बटुक भैरव की पूजा कराई। यहां मुख्य पुरोहित पंडित हेमन्त भट्ट, पुजारी प्रतिनिधि नवीन चन्द्र भट्ट, पंडित कस्तुवानंद भट्ट, आचार्य गिरीश भट्ट, आचार्य गोकुल भट्ट, पंडित दयाकिशन भट्ट, पंडित लोकेश भट्ट, आचार्य निर्मल भट्ट, पंडित जगदीश भट्ट और पंडित विनोद भट्ट पूजा कराने में जुटे रहे।

## पथेश्वर मंदिर में लगी रही ग्रामीणों की लाइन

हरिद्वार। शिवगढ़ गांव के निकट पथरी जंगल किनारे स्थित प्राचीन पथेश्वर महादेव मंदिर में शिवलिंग पर श्रावण माह के दूसरे सोमवार को जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लगी रही है। शिवगढ़ के अलावा दुर्गागढ़, गोविंदगढ़, फूलगढ़, शाहपुर, बादशाहपुर, आदर्श टिहरी नगर समेत कई स्थानों के लोग उक्त महादेव मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए पहुंचे। मान्यता है कि इस प्राचीन महादेव मंदिर में त्रेतायुग में पांच पांडवों ने तपस्या की थी। इस महादेव मंदिर से लोगों की आस्था जुड़ी हुई है। इस महादेव मंदिर में प्रत्येक वर्ष श्रावण के अंतिम सोमवार व महाशिवरात्रि पर मेले का आयोजन किया जाता है। यहां दूर-दूर से लोग मन्नत मांगने और प्रसाद चढ़ाने के लिए आते हैं।

## खाने में प्याज परोसने पर रेस्टोरेंट स्वामी के खिलाफ मुकदमा

हरिद्वार। खाने में प्याज का इस्तेमाल करने का विरोध करने पर कांवड़ियों से मारीपट करने के आरोप में रेस्टोरेंट स्वामी के खिलाफ शहर कोतवाली पुलिस ने एक कांवड़िए की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। शहर कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में जोनी पुत्र नरेंद्र निवासी गांव रीयापुर कलां दिल्ली ने बताया कि अपने चार साथियों के साथ गौमुख से गंगाजल लेकर यहां पहुंचा था। आरोप है कि शनिवार रात खड़खड़ी सूखीनदी के पास एक रेस्टोरेंट हरि होटल में खाना खाने के लिए पहुंचे थे, जहां बिना लहसुन प्याज का खाना परोसने की बात कही थी।

## सीएमओ ने किया स्वास्थ्य शिविरों का निरीक्षण

हरिद्वार। सीएमओ डॉ. मनीष दत्त ने कांवड़ मेले में स्वास्थ्य शिविरों का निरीक्षण किया। साथ ही इलाजा करा रहे कांवड़ियों से हाल-चाल जानकर फीड बैक लिया। उन्होंने डॉक्टरों और कर्मचारियों की हौसला अफजाई भी की।सीएमओ डॉ. मनीष दत्त ने नगरीय क्षेत्र के अस्थाई चिकित्सा शिविरों शंकराचार्य चौक, बैरागी कैंप, चंडी चौक, चंडीघाट, पंतदीप, चमगादड़ टापू, रोड़ी बेलवाला, मनसा देवी मध्य मार्ग, हरकी पैड़ी का निरीक्षण किया।

## संपादकीय



## कोचिंग हादसे के सबक

क्या दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल, तिहाड़ जेल से ही, अपनी सरकार की जवाबदेही स्वीकार करेंगे? क्या वह यह भी स्वीकार करेंगे कि उनकी आम आदमी पार्टी (आप) दिल्ली में सरकार और नगर निगम चलाने लायक नहीं है? क्या केजरीवाल अब दिल्लीवालों का आह्वान करेंगे कि चुनाव में 'आप' को बहुमत न दिया जाए? राजधानी दिल्ली में तीन युवाओं की जो दर्दनाक, त्रासद मौतें हुई हैं या ऐसे ही हादसे हो रहे हैं, क्या उनके पीछे भी प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा की साजिश है? दिल्ली में मुख्यमंत्री केजरीवाल के नेतृत्व में निर्वाचित सरकार है। जेल में बंद होने के बावजूद वह मुख्यमंत्री हैं। सर्वोच्च अदालत के नैतिक संकेत के बावजूद केजरीवाल मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने को तैयार नहीं हैं। सरकार में उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया भी जेल में हैं। जो बचे-खुचे मंत्री हैं, वे सिर्फ बयानवीर हैं अथवा उपराज्यपाल पर दोषारोपण करने वाले नेता हैं। वे 'बेचारगी के प्रतिनिधि' हैं, जो बयान देने या जांच की लीपापोती के अलावा कुछ नहीं कर सकते। तो फिर 'मंत्री' क्यों बने बैठे हैं? इस्तीफा देकर, सडक़ पर उतर कर, लोकतंत्र की लड़ाई क्यों नहीं लड़ते? दिल्ली में सरकार 'आप' की है और नगर निगम पर भी वह काबिज है। मेयर शैली ओबरॉय 'आप' की ही नेता हैं। इन जवाबदेहियों का जिक्र इसलिए करना पड़ रहा है या ये सवाल इसलिए उठाए जा रहे हैं कि राजधानी दिल्ली में विधानसभा स्तर पर जो सरकार है, वह गायब है, लिहाजा स्थानीय दिल्ली 'अनाथ' महसूस कर रही है। तीन युवा छात्रों की पानी के तेज बहाव में, एक इमारत के बेसमेंट में फंस कर, मौत हो गई। यह आपदा या हादसा नहीं, हत्याकांड है। उस इमारत में आईएएस की कोचिंग देने वाला प्रख्यात केंद्र चलता है, जिसके बड़े-बड़े विज्ञापन अखबारों में छपते हैं और युवा छात्रों को आकर्षित करते रहे हैं। यह केंद्र कोचिंग देने की फीस लाखों में लेता है, लेकिन सुविधा और सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं है। उस इमारत के बेसमेंट में लाइब्रेरी बनाई गई है, जो कानूनन अवैध है। जो छात्र बच गए हैं, उनकी नियति ही ऐसी थी, अलबत्ता पानी का बहाव किसी बाढ़ से कम नहीं था। वहां इतना तेज पानी कैसे घुसा? इसी सवाल के गर्भ में तमाम भ्रष्टाचार और कदाचार निहित हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय के पास मुखर्जी नगर की वह घटना आज भी याद आती है, जब आग से बचने के लिए युवा छात्रों ने खिड़कियों से ही छलांग लगा दी थी अथवा किसी रस्सी के सहारे, जलते हुए कमरे से, बाहर कूद पाए थे। कुछ मौतें भी हुई थीं। वहां भी आईएएस, आईपीएस बनने का सपना पाले युवा छात्र पढ़ते हैं। वहां भी बंदप्राय: कोचिंग सेंटर में आग लगी थी। अभी 4-5 दिन पहले दिल्ली के पटेल नगर में एक युवा करंट की चपेट में आकर मारा गया। वह भी आईएएस की तैयारी कर रहा था। ये आपराधिक नाकामियों की भयावह कथाएं हैं, लापरवाही को नंगा करती हैं, आखिर दिल्ली में ये हत्याकांड क्यों हो रहे हैं? व्यवस्था और निगरानी की बुनियादी और प्राथमिक जिम्मेदारी किसकी है? जाहिर है कि केजरीवाल की सरकार और 'आप' के नगर निगम की जिम्मेदारी है। ड्रेनेज सिस्टम और नालों की सफाई कौन देखेगा? दिल्ली में तो इतनी बारिश भी नहीं हुई है कि व्यवस्थाएं ही डूब जाएं।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**
**संपादक : मौ.सलीम सैफी** न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002
**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## युवती के अपहरण में जीजा-साला नामजद

हरिद्वार। एक युवती के अपहरण के आरोप में एक युवक और उसके जीजा के खिलाफ कनखल थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही युवती को बरामद कर लिया जाएगा।पुलिस को दी गई शिकायत में एक व्यक्ति ने बताया कि 18 वर्षीय पुत्री घर से लापता है। आरोप है कि उसकी पुत्री को निशु चौधरी निवासी जमालपुर कलां और उसका जीजा सचिन कुमार निवासी ग्राम फतेहपुर कलां थाना नागल जिला सहारनपुर बहला फुसलाकर ले गए हैं। संभावित स्थानों पर तलाशने के बाद भी पुत्री का अता पता नहीं चल सका। जगजीतपुर चौकी प्रभारी चरणसिंह चौहान ने बताया कि युवती के अपहरण के आरोप में दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## कांवड़िए की मौत पर हंगामा, कार तोड़ी, चालक को पीटा

हरिद्वार। श्यामपुर क्षेत्र में बेकाबू कार की टक्कर से बाइक सवार बुलंदशहर के कांवड़िए की मौत होने पर साथियों ने कार चालक की बेरहमी से पिटाई कर दी। इसके साथ ही कार में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस फोर्स ने किसी तरह समझा-बुझाकर कांवड़ियों को शांत कराया। घायल कार चालक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कांगड़ी पार्किंग में रविवार देररात बुलंदशहर के नरसेना थाना क्षेत्र के गंगेदड़ी गांव निवासी 29 वर्षीय सचिन पुत्र पप्पू अपने दोस्त दीपांशु और जतिन के साथ यहां कांवड़ लेने आया था। कांगड़ी पार्किंग में पहुंचते ही विपरीत दिशा से आ रही कार से बाइक सवार कांवड़ियों की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर ही कांवड़िए सचिन की मौत हो गई जबकि उसके साथी घायल हो गए।

## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक सप्ताह में 114903 कांवड़ियों का किया उपचार

हरिद्वार। कांवड़ मेले में आने वाले शिवभक्त कांवड़ियों के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कांवड़ मेला क्षेत्र में 21 अस्थायी शिविर लगाए हैं। इसके अलावा पांच स्थायी शिविर लगाए गए हैं। इन शिविरों में 22 से 28 जुलाई तक एक सप्ताह में स्वास्थ्य विभाग के शिविरों में 114903 कांवड़ियों का उपचार स्वास्थ्य विभाग की टीम कर चुकी है। वहीं जलकर घायल होने वाले कांवड़ियों का आंकड़ा एक सप्ताह में एक हजार के करीब पहुंच चुका है। सबसे अधिक फंगल इंफेक्शन के शिकार कांवड़ियों की संख्या 25507 है। इस दौरान 19483 कांवड़ियों को बुखार की शिकायत हुई है। वहीं सांप,बंदर, कुत्ते और किसी कीड़े के काटने से 120 कांवड़िए बीमार हुए हैं।

## कांग्रेसी नेता के भूखंड पर कब्जे का प्रयास, मुकदमा दर्ज

हरिद्वार। कोर्ट के आदेश पर ज्वालापुर पुलिस ने कांग्रेसी नेता के साथ भूमि के नाम पर धोखाधड़ी के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

कांग्रेसी नेता सुनील अरोड़ा पुत्र बनवारी लाल निवासी शिव विहार रेलवे रोड ने बताया कि उन्होंने एक भूखंड पर चाहरदीवारी कर एक कमरा बनाया हुआ है। आरोप है कि 10 मई को भूखंड पर कब्जा करने की नीयत से पहुंचे लोगों ने ताला तोड़ना चाहा। विरोध करने पर उसके साथ गाली गलौज कर हत्या की धमकी दी। आरोप है कि उन्होंने इस घटना के बाद संपत्ति के दस्तावेज का तहसील में मुआयना कराया। सामने आया कि साजिश के तहत भूखंड की पूर्व स्वामी उषा देवी के फर्जी दस्तावेज बनाकर एक बैनामा किया गया है जबकि पूर्व से ही भूखंड के स्वामी अजय बजाज और दिनेश कोचर हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### सावन के दूसरे सोमवार को शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु

हरिद्वार। हरिद्वार में सावन के दूसरे सोमवार को शिवालयों में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। कनखल के दक्ष मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लगी रही। दूसरे शिवालयों में भी जल चढ़ाने के लिए लंबी लाइन लगी रहीं। सावन के सोमवार को भक्तों ने विशेष पूजा-आराधना की। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर गंगाजल, बेलपत्र, धतूरा, भांग, कपूर, दूध, चावल, चंदन और भस्म आदि अर्पित की। कनखल स्थित दक्ष मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालु शिवलिंग पर दुग्धाभिषेक और जलाभिषेक करने के लिए लंबी कतार में लगे दिखे।

### सुबह से ही लगा रहा भक्तों का तांता

हरिद्वार। लालढांग प्राचीन शिव मंदिर में श्रावण के सोमवार को शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया। सवेरे से ही जलाभिषेक करने वाले शिव भक्तों का तांता लगा रहा। क्षेत्र के मिठिबेरी, नयागांव, लालढांग, चमरिया, गैंडीखाता आदि गांवों से शिवभक्तों ने मनोकामना सिद्धि के लिए शिवालय में जलाभिषेक किया। कटेबड़ शिव मंदिर व शिव सेवा आश्रम में स्थित शिवालय में भी जलाभिषेक किया गया।

### सेवा समपर्ण संस्थान ने शिविर लगाकर की कांवड़ियों की सेवा

हरिद्वार। सेवा समर्पण संस्थान की ओर से रामनगर कांवड़ मार्ग पर लगाए गए शिविर में कांवड़ियों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर पूर्व सभासद संजय शर्मा, जगदीश चावला, अतुल शास्त्री, जगदीश प्रसाद, डॉ. राम शर्मा, आलोक शुक्ला, विपुल पाराशर, नीतू बिष्ट, इंदिरा गौतम, किरण भाटिया, मधु, नीलम, साहिल बजाज, मनोज यादव, अमनदीप सिंह, कार्तिक शर्मा, राहुल विरमानी, मुस्कान, नेहा जैन, प्रतिमा शर्मा, ईशा निलांश, खुशी, नीलम, गुलशन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### स्मैक तस्करी के आरोप में दो गिरफ्तार

हरिद्वार। सिडकुल पुलिस ने दो स्मैक तस्करों को 151.42 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि कांवड़ मेले में स्मैक की डिलीवरी की जानी थी। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस ऐक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। नगर पुलिस अधीक्षक स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र सिंह बिष्ट, एसआई रणजीत सिंह तोमर और सिडकुल के एसआई संदीप चौहान की अगुवाई में गठित टीम ने इंद्रलोक तिराहे के पास चेकिंग के दौरान बाइक सवार दो युवकों को रोक लिया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 151.42 ग्राम स्मैक बरामद हुई। थाने लाकर की गई पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम साहिब निवासी ग्राम गुल्डिया थाना मीरगंज जिला बरेली यूपी और फईम वारसी निवासी कटघर थाना किला जिला बरेली यूपी बताया। आरोपियों ने कबूला कि वे सलमान निवासी पीरपुरा मंगलौर को स्मैक की डिलीवरी देने के लिए पहुंचे थे। एसपी सिटी ने बताया कि आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

### बाइक सवार कांवड़ियों ने सीओ को मारी टक्कर, मैक्स में भर्ती

हरिद्वार। हरिद्वार-दिल्ली हाईवे पर जाम खुलवा रहे सीओ ज्वालापुर शांतनु पाराशर को दोपहिया वाहन सवार कांवड़िए टक्कर मारकर फरार हो गए। बेहद गंभीरवस्था में सीओ को प्राथमिक उपचार के बाद मैक्स अस्पताल देहरादून में भर्ती कराया गया है। इधर, दुर्घटनास्थल पर जुटी भीड़ का फायदा उठाकर आरोपी कांवड़िये फरार होने में कामयाब रहे। सीओ के पैर, उंगलियों और कमर में गंभीर चोट पहुंचने की बात सामने आई है। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने जल्द ही आरोपियों को दबोचने के निर्देश अधीनस्थों को दिए हैं। दुर्घटना बहादराबाद क्षेत्र में गांव बौंगला बाईपास पर रविवार देर रात को हुई। सीओ ज्वालापुर शांतनु पाराशर यातायात व्यवस्था संभालते हुए जाम खुलवा रहे थे। इसी दौरान करीब दो बजे रुड़की की तरफ से बाइक पर आ रहे दो कांवड़ियों ने सीओ को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद सीओ शांतनु पाराशर दूर जा गिरे। उनके साथ मौजूद सहकर्मियों ने उन्हें संभाला, लेकिन तब तक आरोपी बाइक सवार फरार हो गए। आनन-फानन में सीओ को चंद्राचार्य चौक के पास सिटी अस्पताल लाया गया, जहां से चिकित्सकों के परामर्श के अनुसार उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल, एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार, एसपी यातायात पंकज गैरोला से लेकर अन्य अधिकारियों ने अस्पताल पहुंचकर सीओ का हालचाल जाना। देहरादून के मैक्स अस्पताल में भर्ती सीओ के पैर और उंगलियों में फ्रेक्चर होने की बात सामने आई है। मेडिकल परीक्षण में सामने आया कि रीढ़ की हड्डी में भी चोट पहुंची है, जिसका इलाज चल रहा है। एसओ नरेश राठौड़ ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उन्हें चिन्हित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### लोडर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

हरिद्वार। कनखल क्षेत्र में स्कूटर सवार को टक्कर मार देने के आरोपी लोडर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस को दी गई शिकायत में विकास चौहान निवासी ग्राम अजीतपुर ने बताया कि 20 जुलाई को उसके पिता ब्रह्मपाल चौहान अपने साथी भूषण चौहान के साथ स्कूटर पर सवार होकर घर लौट रहे थे। डीएवी स्कूल के पास पहुंचते ही पीछे से आ रहे छोटा हाथी वाहन के चालक ने टक्कर मार दी और फरार हो गया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। एसओ भावना कैंथोला ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### कबड्डी खिलाड़ी संदीप ने स्वामी यतीश्वरानंद ने लिया आशीर्वाद

हरिद्वार। भारतीय की कबड्डी टीम का हिस्सा रह चुके अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित कबड्डी खिलाड़ी संदीप नरवाल ने हरिद्वार पहुंचकर पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद से उनके आश्रम में आशीर्वाद लिया। कबड्डी खिलाड़ी संदीप नरवाल सोनीपत जिले के कथूरा गांव के रहने वाले हैं। वे हरिद्वार में कांवड़ यात्रा में शामिल हुए हैं। यात्रा के दौरान हरिद्वार पहुंचने पर वे वेद मंदिर आश्रम पहुंचे। जहां पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद से आशीर्वाद लेने पहुंचे। इस दौरान स्वामी यतीश्वरानंद ने उनके द्वारा जीते गए मेडल आदि के बारे में जानकारी ली। संदीप नरवाल ने बताया कि उसने आठ साल की उम्र में खेलना शुरू कर दिया था। उनकी टीम ने विभिन्न खेलों में शामिल होकर चार स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता है। उन्हें राष्ट्रपति से अर्जुन पुरस्कार के साथ भीम पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। वे राष्ट्रीय टूर्नामेंट में हरियाणा की ओर से खेलते हैं। उनके पिता जगदीश नरवाल भी कबड्डी के प्रसिद्ध खिलाड़ी रहे हैं। संदीप नरवाल ने बताया कि फिलहाल वे प्रेक्टिस करने के साथ बच्चों को प्रशिक्षण भी दे रहे हैं। आश्रम में स्वागत करने वालों में हरेंद्र चौधरी, श्याम सुंदर चौहान, अंकित चौधरी, अंकित चौहान, शुभम सैनी, सतविंद्र सिंह, अमित सैनी, प्रदीप चौहान, श्रवण चौहान, शुभम चौधरी आदि शामिल हुए।

# मंत्री गणेश जोशी ने की गृह मंत्री अमित शाह से मुलाक़ात, जल्द होगा एमओयू

■ भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के अधीन स्थापित नेशनल कोआपरेटिव आर्गेनिक लिमिटेड ख़रीदेगा उत्तराखंड के किसानों का आर्गेनिक उत्पाद, जल्द होगा एमओयू

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





देहरादून 30 जुलाईः प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। कृषि मंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री को बाबा केदारनाथ जी की प्रकृति और रेशम किसानों द्वारा निर्मित शॉल भेंट किया। संसद भवन में हुई मुलाकात के बाद प्रेस को जारी बयान में कृषि मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि प्रदेश में उत्पादित होने वाले पीजीएस प्रमाणित उत्पादों विशेष रूप से बासमती चावल, चौलाई, मिलेटस, दाले आदि को भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के अधीन स्थापित नेशनल कोआपरेटिव आर्गेनिक लिमिटेड (एनसीओएल) द्वारा क्रय करने की रुचि दिखाई गई।

जिसके फलस्वरूप उत्तराखण्ड जैविक उत्पाद परिषद तथा नेशनल कोआपरेटेटिव आर्गेनिकस लिमिटेड के मध्य बैठक की गई। कृषि मंत्री ने बताया कि प्रक्रिया को मूल रुप प्रदान करने के लिए दोनो संस्थाओ के मध्य एक औपचारिक अनुबंध भी किया जाना प्रस्तावित है, जिसके उपरान्त प्रदेश के किसानो के जैविक उत्पादो को एनसीओएल द्वारा क्रय प्रारम्भ किया जाएगा। कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प जो किसानों की आय बढ़ाने तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में किसानों के जैविक उत्पादों को सुनिश्चित बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।

इस दौरान कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कृषि मंत्री गणेश जोशी ने गृह मंत्रालय द्वारा राज्य की विषम भौगोलिक परिस्थिति के दृष्टिगत वाईब्रेट वीलेज कार्यक्रम के तहत निर्गत की गई धनराशि के लिए गृह मंत्री का आभार भी व्यक्त किया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सहकारिता मंत्रालय के अधीन स्थापित नेशनल कोआपरेटिव आर्गेनिक लिमिटेड के माध्यम से उत्तराखण्ड के आर्गेनिक उत्पादों को ख़रीदने के लिए सहमति दी।

# डेंगू से बचाव हेतु बच्चों को फुल ड्रेस में स्कूल बुलायें : डीएम सोनिका

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 30 जुलाई , जिलाधिकारी सोनिका ने जनपद में संचालित डेंगू निरोधात्मक अभियान को लेकर जनमानस से डेंगू से बचाव हेतु जागरूक रहने तथा अपने आसपास पानी जमा न होने देने का अनुरोध किया। जिलाधिकारी ने बताया कि डेंगू के दृष्टिगत जिला प्रशासन की टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर सर्वे किया जा रहा है। नगर निगम देहरादून में डेंगू के दृष्टिगत लगभग 14 संवेदनशील तथा ऋषिकेश में लगभग 08 संवदेनशील क्षेत्र हैं। पानी जमा होने तथा डेंगू का लार्वा पाये जाने पर अभी तक 75 हजार धनराशि से अधिक के चालान कर दिए गए हैं। जहां अधिक लार्वा मिल रहा है ऐसे क्षेत्रों को संवेदनशील क्षेत्रों में रखा गया है। सरकारी तथा निजी चिकित्सालयों में बैड,दवाई आदि समुचित व्यवस्थाओं बनाने तथा मुख्य चिकित्साधिकारी को चिकित्सालयों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्य शिक्षा अधिकारी के माध्यम से सभी स्कूलों को निर्देशित करा दिया गया है कि डेंगू से बचाव हेतु बच्चों को फूल बाजू की ड्रेस में स्कूल में बुलाया जाए। साथ जिलाधिकारी ने सभी जनमानस से अनुरोध किया है कि अपने आस पास सफाई रखें तथा पानी जमा न होने दें, घरों कूलर का पानी बदलते रहें तथा गमलों में तथा गमलों के आसपास पानी जमा न होने दें। उन्होंने अन्य लोगों को भी इसके लिए जागरूक करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने समस्त जनमानस से अनुरोध किया है कि डेंगू से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या एवं शिकायत तथा चिकित्सकीय परामर्श के लिए टोल फ्री नंबर 1800 1802525 पर संपर्क किया जा सकता है। जिलाधिकारी ने जनमानस से डेंगू के दृष्टिगत सतर्क रहते हुए अपने आसपास सफाई रखने तथा पानी जमा न होने देने का अनुरोध किया।



# आपके प्लॉट में पानी भरा है तो तुरंत करवाएं खाली, लगेगा लाखों का चुना : डॉ अविनाश खन्ना





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 30 जुलाई : नगर निगम परिसर से तीन टीमों का गठन किया गया जिसमें समस्त सेनेटरी इंस्पेक्टर तथा मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे इसके पश्चात तीन टीम शहर के विभिन्न स्थानों जैसे कि निर्माणाधीन संस्थाएं स्कूल नर्सरी माल परिसर एवं कोचिंग संस्थानों का तथा उनमें उपस्थित बेसमेंट में जलभराव की स्थिति का निरीक्षण किया गया ऐसी कई संस्थानों में बेसमेंट तथा निर्माण दिन प्रतिष्ठानों के बेसमेंट में जलभराव की स्थिति पाई गई संबंधित भवन स्वामियों तथा अन्य के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई ।



कुल 29 स्थान पर जलभराव के कारण मच्छरों के लारवा पाए गए तथा मौके पर चालान कर धनराशि वसूली गई तथा भविष्य के लिए ऐसे सभी संस्थाओं पर चेतावनी जारी की गई तथा विधिक कार्रवाई के साथ दंडात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई। कुल चालान 29 धनराशि 69600 टीम में मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अविनाश खन्ना, सेनेटरी इंस्पेक्टर राजेश बगुना महिपाल गहलोत मनोज कोली राजेश पवार भूपेंद्र पवार पुष्पा रौथान एवं विश्वनाथ उपस्थित रहे।